**Series ABAB2/4**

**SET ~ 3**

प्रश्न-पत्र कोड
Q.P. Code **64/4/3**

रोल नं.
Roll No.

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

**नोट / NOTE :**

(i) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **9 + 1** मानचित्र है ।
Please check that this question paper contains **9** printed pages + **1** Map.

(ii) प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.

(iii) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **10** प्रश्न हैं ।
Please check that this question paper contains **10** questions.

(iv) **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
**Please write down the serial number of the question in the answer-book before attempting it.**

(v) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।
15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

# भूगोल (सैद्धान्तिक)
# GEOGRAPHY (Theory)

*निर्धारित समय : 2 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 35*
*Time allowed : 2 hours* | *Maximum Marks : 35*



ZOLLEGE.in

### *सामान्य निर्देश :*

*निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख़्ती से पालन कीजिए :*

*(i)* *इस प्रश्न-पत्र में कुल **10** प्रश्न हैं ।*

*(ii)* ***सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।*

*(iii)* *यह प्रश्न-पत्र **पाँच** खण्डों में विभाजित है – **खण्ड क, ख, ग, घ** तथा **ङ** ।*

*(iv)* ***खण्ड क** – प्रश्न संख्या **1** से **3** तक अति लघु-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न **2** अंकों का है ।*

*(v)* ***खण्ड ख** – प्रश्न संख्या **4** स्रोत-आधारित प्रश्न है जो कि **3** अंकों का है ।*

*(vi)* ***खण्ड ग** – प्रश्न संख्या **5** और **6** लघु-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न **3** अंकों का है ।*

*(vii)* ***खण्ड घ** – प्रश्न संख्या **7** से **9** तक दीर्घ-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न **5** अंकों का है ।*

*(viii)* ***खण्ड ङ** – प्रश्न संख्या **10** मानचित्र-आधारित प्रश्न है जो कि **5** अंकों का है ।*

*(ix)* *प्रश्न-पत्र में कोई समग्र विकल्प नहीं है । हालाँकि, कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं । इस प्रकार के प्रश्नों में से केवल एक ही विकल्प का उत्तर लिखिए ।*

## खण्ड क
## (अति लघु-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न)

***सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।* *3×2=6*

**1.** 'राष्ट्रीय जलमार्ग संख्या-1' की किन्हीं दो विशेषताओं को स्पष्ट कीजिए । *1×2=2*

**2.** (क) विभागीय भंडार और शृंखला भंडार में दो-दो अंतर स्पष्ट कीजिए । *1×2=2*

**अथवा**

(ख) दूरसंचार तथा सेवाओं में दो-दो अन्तर स्पष्ट कीजिए । *1×2=2*

**3.** विनिर्माण प्रक्रिया की किन्हीं दो विशेषताओं की व्याख्या कीजिए । *1×2=2*



ZOLLEGE.in

***General Instructions :***

*Read the following instructions very carefully and strictly follow them :*

*(i)* *This questions paper contains **10** questions.*

*(ii)* ***All** questions are compulsory.*

*(iii)* *This question paper is divided into **five** sections – **Section A, B, C, D** and **E**.*

*(iv)* ***Section A** – Questions no. **1** to **3** are Very Short-answer Type Questions, carrying **2** marks each.*

*(v)* ***Section B** – Question no. **4** is Source-based Question, carrying **3** marks.*

*(vi)* ***Section C** – Questions no. **5** and **6** are Short-answer Type Questions, carrying **3** marks each.*

*(vii)* ***Section D** – Questions no. **7** to **9** are Long-answer Type Questions, carrying **5** marks each.*

*(viii)* ***Section E** – Question no. **10** is Map-based Question, carrying **5** marks.*

*(ix)* *There is no overall choice in the question paper. However, an internal choice has been provided in some questions. Only one of the choices in such questions has to be attempted.*

## SECTION A
## (Very Short-answer Type Questions)

*Attempt **all** questions.* *3×2=6*

**1.** Explain any two features of 'National Waterway No.-1'. *1×2=2*

**2.** (a) Differentiate between Departmental stores and Chain stores stating two differences. *1×2=2*

**OR**

(b) Differentiate between Telecommunication and Services stating two differences. *1×2=2*

**3.** Explain any two features of manufacturing process. *1×2=2*



ZOLLEGE.in

## खण्ड ख

**(स्रोत-आधारित प्रश्न)** *3×1=3*

**4.** निम्नलिखित स्रोत को पढ़िए और दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

**इस्पात उद्योग**

परंपरागत रूप से बड़े एकीकृत इस्पात उद्योग की स्थिति कच्चे माल के स्रोत के समीप ही रही है जहाँ लौह-अयस्क, कोयला, मैंगनीज़ एवं चूना-पत्थर आसानी से उपलब्ध हो जाता हो या यह ऐसे स्थान पर भी अवस्थित हो सकता है जहाँ कच्चा माल आसानी से पहुँचाया जा सके जैसे पत्तन के समीप । परन्तु छोटे इस्पात कारखाने जिनका निर्माण और प्रचालन कम महँगा है की अवस्थिति के लिए कच्चे माल की अपेक्षा बाज़ार का समीप होना अधिक महत्त्वपूर्ण होता है क्योंकि कच्चे माल के रूप में रद्दी धातु बाज़ार से उपलब्ध हो जाती है । परंपरागत रूप से अधिकतर इस्पात का उत्पादन विशाल संघटित संयंत्रों द्वारा ही किया जाता था पर अब छोटे इस्पात संयंत्र जिनमें केवल एक प्रक्रिया — इस्पात निर्माण होता है, अधिक लगने लगे हैं ।

(4.1) बड़े एकीकृत इस्पात उद्योग की अवस्थिति को प्रभावित करने वाले प्रमुख कारक का उल्लेख कीजिए । *1*

(4.2) छोटे इस्पात कारखानों की स्थापना के लिए अधिक महत्त्वपूर्ण क्या है ? *1*

(4.3) छोटे इस्पात कारखानों में प्रयुक्त कच्चे माल का उल्लेख कीजिए । *1*

## खण्ड ग

**(लघु-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न)** *2×3=6*

**5.** ग्रामीण क्षेत्रों के आवधिक बाज़ारों की कार्यविधियों की परख कीजिए । *1×3=3*

**6.** (क) "सीमा सड़क संगठन एक अग्रणी बहुमुखी निर्माण अभिकरण है ।" इस कथन की पुष्टि कीजिए । *1×3=3*

**अथवा**

(ख) 'भारतीय राष्ट्रीय महामार्ग प्राधिकरण' के कार्यों की व्याख्या कीजिए । *1×3=3*



ZOLLEGE.in

## SECTION B

## (Source-based Question) *3×1=3*

**4.** Read the following source and answer the questions that follow :

**Steel Industry**

The large integrated steel industry is traditionally located close to the sources of raw materials — iron-ore, coal, manganese and limestone — or at places where these could be easily brought, e.g., near ports. But in mini steel mills, access to markets is more important than inputs. These are less expensive to build and operate and can be located near markets because of the abundance of scrap metal, which is the main input. Traditionally, most of the steel was produced at large integrated plants, but mini mills are limited to just one-step process — steel making — and are gaining ground.

(4.1) Mention the main factor affecting location of large integrated steel industry. *1*

(4.2) What is more important for setting up the mini steel mills ? *1*

(4.3) Mention the raw material used in mini steel mills. *1*

## SECTION C

## (Short-answer Type Questions) *2×3=6*

**5.** Examine the activities of periodic markets of rural areas. *1×3=3*

**6.** (a) "Border Roads Organisation is a premier multifaceted construction agency." Support the statement. *1×3=3*

**OR**

(b) Explain the functions of the 'National Highway Authority of India'. *1×3=3*



ZOLLEGE.in

## खण्ड घ

## (दीर्घ-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न) *3×5=15*

**7.** 'पार-साइबेरियन रेलमार्ग' के महत्त्व की परख कीजिए । *1×5=5*

**8.** (क) "बढ़ती हुई जनसंख्या और औद्योगिक विस्तारण के कारण, जल के अविवेकपूर्ण उपयोग से जल की गुणवत्ता में गिरावट आयी है ।" इस कथन का विश्लेषण कीजिए । *1×5=5*

**अथवा**

(ख) "कृषि-योग्य भूमि पर दबाव का कारण केवल सीमित उपलब्धता ही नहीं, वरन इसकी गुणवत्ता में कमी भी इसका कारण है ।" इस कथन का विश्लेषण कीजिए । *1×5=5*

**9.** "इन्दिरा गाँधी नहर सिंचाई के प्रसार ने राजस्थान के शुष्क भूमि क्षेत्रों की पारिस्थितिकी और अर्थव्यवस्था को रूपांतरित कर दिया है ।" इस कथन का विश्लेषण कीजिए । *1×5=5*

## खण्ड ङ

## (मानचित्र-आधारित प्रश्न)

**10.** **भारत** के दिए गए राजनीतिक रेखा-मानचित्र (पृष्ठ 11 पर) में निम्नलिखित में से किन्हीं ***पाँच*** भौगोलिक लक्षणों को उपयुक्त चिह्नों द्वारा अंकित कीजिए और उनके नाम लिखिए : *5×1=5*

(10.1) बिहार में स्थित तेलशोधन कारखाना

(10.2) खेतड़ी – ताँबे की खानें

(10.3) कटनी – बॉक्साइट की खानें

(10.4) पश्चिम बंगाल में स्थित कोयले की खानें

(10.5) पूर्व-पश्चिम गलियारे का पश्चिमी अंतिम स्टेशन

(10.6) 'स्वर्णिम चतुर्भुज' से जुड़ा सबसे पूर्वी 'महानगर'



ZOLLEGE.in

## SECTION D

### (Long-answer Type Questions) *3×5=15*

**7.** Examine the importance of 'Trans-Siberian Railway'. *1×5=5*

**8.** (a) "Indiscriminate use of water by increasing population and industrial expansion has led to degradation of the quality of water considerably." Analyse the statement. *1×5=5*

**OR**

(b) "The pressure on agricultural land increases not only due to the limited availability, but also by deterioration of quality of agricultural land." Analyse the statement. *1×5=5*

**9.** "The introduction of Indira Gandhi Canal Irrigation in the dry land areas of Rajasthan has transformed its ecology and economy." Analyse the statement. *1×5=5*

## SECTION E

### (Map-based Question)

**10.** On the given political outline map of **India** (on page 11), locate and label any ***five*** from the following geographical features with appropriate symbols : *5×1=5*

(10.1) Oil refinery located in Bihar

(10.2) Khetri – Copper mines

(10.3) Katni – Bauxite mines

(10.4) Coal mines located in West Bengal

(10.5) Western Terminal of East-West Corridor

(10.6) Eastern-most 'metropolitan' city connected by 'Golden Quadrilateral'



ZOLLEGE.in

**नोट :** *निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या 10 के स्थान पर हैं । किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए :*

(10.1) बिहार में स्थित तेलशोधन कारखाने का नाम लिखिए ।

(10.2) झारखण्ड में स्थित किसी एक स्थान का नाम लिखिए जहाँ ताँबे की खानें स्थित हैं ।

(10.3) उस राज्य का नाम लिखिए जहाँ कटनी बॉक्साइट की खानें स्थित हैं ।

(10.4) पश्चिम बंगाल में स्थित कोयला खानों के नाम लिखिए ।

(10.5) पूर्व-पश्चिम गलियारे के पश्चिमी अंतिम स्टेशन का नाम लिखिए ।

(10.6) 'स्वर्णिम चतुर्भुज' से जुड़े हुए सबसे पूर्वी 'महानगर' का नाम लिखिए । *5×1=5*



ZOLLEGE.in

***Note :*** *The following questions are for the* ***Visually Impaired Candidates*** *only, in lieu of Q. No. 10. Attempt any* ***five*** *questions :*

(10.1) Name the oil refinery located in Bihar.

(10.2) Name any one place in Jharkhand where copper mines are located.

(10.3) Name the State where Katni bauxite mines are located.

(10.4) Name the coal mines located in West Bengal.

(10.5) Name the western terminal of East-West Corridor.


(10.6) Name the eastern-most 'metropolitan' city connected by 'Golden Quadrilateral'. *5×1=5*



ZOLLEGE.in

प्रश्न सं. 10 के लिए

For question no. 10






ZOLLEGE.in